हरिभूमि
# रत्न भूमि

तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

रायपुर, रविवार 24 दिसंबर 2023

13 वॉलीबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का डंका, पहले मैच में बिहार को दी मात



14 केंद्र सरकार की योजनाओं से ग्रामीण हो रहे लाभान्वित





**अतिशीघ्र आवश्यकता है**

20-पद फायरमैन/ 10-सेफ्टी ऑफिसर एवं 20- अग्निशमन वाहन चालक हैवी लाइसेंस, 10-पद इलेक्ट्रिकल, योग्यता-Fire-Safety डिप्लोमा/ITI, अनुभवी एवं फ्रेशर, कद-168cm, उम्र 22 वर्ष, 50-पद-सिक्योरिटी गार्ड 10th पास फ्रेशर कद-168cm, उम्र 20 वर्ष, 20-पद-सिक्योरिटी सुपरवाइजर ग्रेजुएट अनुभव 6 माह, कद-170cm उम्र 22 वर्ष, कार्यस्थल:- संपूर्ण छत्तीसगढ़

भार्ती-दिनांक 26 एवं 27 12.2023

पता:- फायर सेफ्टी इंस्टिट्यूट, कैंपस:- इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल सुपेला. भिलाई, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़

मोबाइल:-76972-12782

# शीतलहर का प्रकोप, तापमान 10 डिग्री, पिछले साल का रिकार्ड टूटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

चार दिनों से गरियाबंद का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के आसपास होने की वजह से जिले भर में हाड़ कंपाने वाली ठंड महसूस हो रही है। गरियाबंद की सीमा नदी पहाड़ और जंगल से घिरे हुए हैं जिसके चलते अन्य जगहों की तुलना में यहां ठंड अधिक पड़ रही है। जगह - जगह लोग अलाव जलाकर ठंड से बचने की कोशिश करते रहे। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव और वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने की वजह से शनिवार को जिले में बादल छाए रहे। बादल और तापमान में लगातार बदलाव अगले पांच दिनों तक रहने की संभावना है। इस बार दिसंबर में गरियाबंद के न्यूनतम तापमान का रिकार्ड टूटा है। पिछले साल पारा 12.8 तक पहुंचा था, जो इसका बार नीचे उतर 10 डिग्री पर पहुंच चुका है।

### पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव और वातावरण में नमी के चलते छाए रहे बादल

#### तापमान में बढ़ोतरी होने के आसार

हवा की दिशा में बदलाव होने पर अगले दो से तीन दिन में 15 डिग्री तक पहुंचने के आसार हैं। पूर्वी हवा के प्रभाव से अब जिले में उतार चढ़ाव रहने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक तापमान में अचानक गिरावट होने के दौरान ठंड महसूस होती है। मगर पारा उसी स्थिति में न रहता है, तो शरीर आदी हो जाता है और ठंड का प्रभाव कम महसूस ने होने लगता है। गरियाबंद में पिछले चार दिनों से रात का तापमान 10 डिग्री के आसपास दर्ज किया जा रहा है। अब पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य में आने वाली हवा की दिशा पूर्वी होने और नमी की मात्रा बढ़ने के बाद तापमान में बढ़ोतरी का दौर शुरू होने के आसार हैं। अगले दो से तीन दिनों में रात का पारा 15 डिग्री के आसपास पहुंचने से ठंड का असर कम महसूस होगा।



#### शुष्क हवा से खुश की बढ़ी शिकायत

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अभी आने वाले हवा की दिशा में बदलाव की संभावना नहीं है। इसलिए तापमान के साथ ठंड कम-ज्यादा के रूप में महसूस होगी। माना जा रहा है कि दिसंबर में ठंड का पीक अब गुजर चुका है और कड़ाके की ठंड की वापसी के लिए जनवरी का इंतजार करना पड़ सकता है। विशेषज्ञों के मुताबिक शरीर का तापमान सामान्यतः 38 डिग्री के आसपास होता है। वातावरण में मौजूद शुष्क हवा के दौरान शरीर की ऊपरी त्वचा की नमी वाष्पित हो जाती है, जिसकी वजह से त्वचा रूखी हो जाती है। तापमान में गिरावट के दौरान अमी रुखापन की शिकायत बढ़ी है। चिकित्सकों द्वारा इस मौसम में तेलीय पदार्थ का उपयोग करने की सलाह दी जाती है।

## खबर संक्षेप

### श्री लिंग महापुराण पर धुसेरा में कथा आज से

अभनपुर। ग्राम सिवनी धुसेरा मे श्री लिंग (लिङ्ग) महापुराणम् का आयोजन 24 दिसम्बर से 1 जनवरी तक रखा गया है। कार्यक्रम सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण, महारूद्राभिषेक पूजन एवं रूद्राक्ष वितरण किया जायेगा। महापुराणम् मे कथाव्यास पं.जवाहर शुक्ला होगे। कार्यक्रम मे पुराण माहात्म्य, लिंगोत्पति, सृष्टि वर्णन, लिंग की प्रधानता, शिव की विविध अवतार वर्णन, भुवन कोश वर्णन, ज्योतिलिंग वर्णन, दक्ष यज्ञ एवं पार्वती मंगल, कार्तिकेय चरित एवं गणेश चरित, विविध दान माहात्म्य सहित आदि कथाओ का वर्णन किया जायेगा।

### सैकड़ों छात्र- छात्राएं शैक्षणिक भ्रमण पर जंगल सफारी रवाना





मैनपुर। राष्ट्रीय अविष्कार अभियान अंतर्गत उत्कृष्ट मेघावी छात्रों के शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र से सैकड़ो छात्र-छात्राएं शनिवार को सुबह 9 बजे मैनपुर से जंगल सफारी एवं विज्ञान प्रदर्शनीय में शामिल होने रायपुर रवाना हुए। रायपुर रवाना होने से पहले मैनपुर में जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली खलको ने वाहनों को हरी झंडी दिखाकर बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना किया। इस दौरान उनके साथ बीआरसीसी एस के नागे, लिलेश पटेल, संकुल समन्वयक मुकेश ठाकुर, टेकराम साहू, विश्राम वर्मा, सुनंदा कुटारे, चित्ररेखा वर्मा, सरोज सेन, नेहा जैन, गरिमा मंडावी, पूनम साहू, मोहन धीवर आदि उपस्थित है।

### क्रिकेट मैच को लेकर युवक से मारपीट

महासमुंद। पिथौरा के मिडिल स्कूल मैदान में क्रिकेट मैच को लेकर मारपीट की घटना हुई है। प्रार्थी हिमांश शर्मा पिता प्रमोद 23 साल निवासी वार्ड नं 6 पिथौरा ने पुलिस को बताया कि आरोपी माखन सिन्हा ने उसके साथ क्रिकेट मैच को लेकर गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया।

### हादसा : सूचना मिलते ही राजिम एसडीएम व तहसीलदार घटना स्थल पर पहुंचे

# कार की ठोकर से बाइक सवार की मौत दो युवक घायल, भीड़ ने किया चक्काजाम

हरिभूमि.न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

ग्राम बोरसी के पास शाम 4 बजे कार की ठोकर से एक युवक की मौत हो गई। वहीं पर दो युवक घायल हुए।घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने राजिम - फिंगेश्वर मार्ग पर लगभग ढाई घंटे तक चक्का जाम किया। घटना स्थल पर फिंगेश्वर एवं राजिम पुलिस बल के पहुंची। सूचना मिलते ही राजिम एसडीएम धनंजय नेताम एवं फिंगेश्वर–राजिम तहसीलदार के समझाने पर चक्का जाम दूर हुई।

- ग्राम बोरसी के पास हुई घटना, समझाइश के बाद आंदोलन टला

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बोरसी के पास फिंगेश्वर एवं राजिम सरहद राजिम की ओर तेज रफतार से आती हुई कार क्रमांक–सीजी 04 एलएच 6009 ने बोरसी सब्जी लने आ रहे बाइक सवार ठोकर मार दी। ठोकर लगते ही बाइक सवार सड़क से हटते हुए बहुत दूर किनारे मे गिर पड़ा। जिसमें ग्राम भैंसातरा निवासी 45 वर्षिय लेसराम साहू की मौत हो गई। वहीं पर दो युवक दानेश्वर ध्रुव एवं योगेश यादव 35 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गये। मृतक युवक के सिर एवं चेहरे मे चोट गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद कार चालक कार छोड़कर वहां से फरार हो गया।



#### भीड़ ने शव को सड़क में रखकर कलेक्टर को बुलाने की मांग की

घटना की जानकारी लगते हुए फिंगेश्वर थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार विजयवार घटना स्थल पर पहुंचकर शव को एबुंलेस में रखवाया। वहीं घायलों के लिए संजीवनी 108 बुलाया गया। घटना की जानकारी होते ही मृतक लेसराम साहू उम्र 45 वर्ष के परिजन भी घटना स्थल पहुंच गये। तब तक सैकड़ों की भीड़ घटना स्थल पहुंच गई। सभी लोगों ने लेसराम का शव वाले एबुंलेस को जाने नहीं दिया। सभी आक्रोशित थे। जिसके चलते भीड़ शव को सड़क मे रखकर चक्का जाम कर दिया। वे लोग घटना स्थल पर कलेक्टर को बुलाने की मांग कर रहे थे।

#### मामले की जांच में जुटी पुलिस

इधर घटना स्थल राजिम थाना क्षेत्र मे आने पर राजिम पुलिस भी दल बल के साथ घटना स्थल पहुंची। चक्का जाम को लेकर पुलिस एवं उच्चधिकारियों ने मृतक के परिजनों को लगातार समझाइस दी। तब जाकर ढाई तीन घंटे के बाद मे परिजन एवं भीड़ सड़क से हटे।तब जाकर आवागमन चालू हुई। मृतक का पोष्टमार्टम करने के लिए राजिम चीर घर भेजा गया और राजिम थाने मे मर्ग कायम कर मामले को जांच विवेचना मे लिय गया है। दोनों घायल युवक एवं मृतक सभी ग्राम भैंसातरा के रहने वाले थे।



## मुख्यमंत्री साय कल ग्राम बेंद्री प्रवास पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर



अभनपुर विधायक के गृह ग्राम बेन्द्री मे 25 दिसम्बर को मुख्यमंत्री का प्रथम कार्यक्रम संपन्न होगा उनकी तैयारी मे पूरा प्रसानिक अमला लगा हुआ है विशाल मंच व डोम तैयार किया जा रहा है एवं शासन की योजनाओ की जानकारी देने कृषि, महिला बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग आदि विभिन्न विभागो के अलग से स्टॉल लगाने की तैयारी की जा रही है पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मदिन सुशासन दिवस पर मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के किसानो को बकाया बोनस की सौगात देगे। मुख्यमंत्री के प्रथम आगमन को लेकर गांव मे खासा उत्साह का माहौल है इस संबंध मे विधायक इन्द्रकुमार साहू ने कहा कि सौभाग्य की बात है कि हमारे गांव मे मुख्यमंत्री का पहला कार्यक्रम होगा और यहां से प्रदेश की पूरे किसानो को बकाया बोनस देने का शुभारंभ होगा साथ ही मुख्यमंत्री के आगमन पर निश्चित रूप से हमारे विधानसभावासियो को लाभ मिलेगा।

## पटेवा में बाबा गुरुघासी दास जयंती 25 को मनाएंगे

नवापारा-राजिम। ग्राम पटेवा में परम पूज्य बाबा गुरुघासी दास जी की जयंती 25 दिसम्बर सोमवार को मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंद्रकुमार साहू होंगे। अध्यक्षता भेनमति-राजू पाल सरपंच करेंगे। यह जानकारी सतनामी समाज के अध्यक्ष सुदामा सोनवानी ने दी। रात्रि कालीन कार्यक्रम में गोंदिया महाराष्ट्र के नाचा पार्टी होगा।

## नवोदय में प्रवेश के लिए हुआ माक टेस्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव(कोरासी)

संकुल केन्द्र जरगांव में नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए माक टेस्ट का आयोजन किया गया। बच्चों को गोला कैसे भरें तरीका से अवगत कराते हुए प्रश्न पत्र वितरित कर नियत समय तक प्रश्न हल करने के लिए कहा गया। वहीं आन्सर शीट प्रदान कर टेस्ट लिया गया। जिला प्रशासन की पहल पर समूचे स्कुलो में टेस्ट का आयोजन प्रति शनिवार को कराया जा रहा है।

बच्चों के माता पिता को भी जानकारी देकर बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए भी प्रयास किया जा रहा है। तार्किक बौद्धिक, मानसिक तथा हिन्दी के गद्यांश का पठन के लिए स्कुलो में भी प्रत्येक दिवस एक कालखण्ड शिक्षकों के द्वारा लिया जा रहा है।

माक टेस्ट विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के सानिध्य में लिया गया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक प्रेमनारायण ध्रुव, अविनाश वर्मा, रामेश्वरी मांझी, रामबती ध्रुव, आदि उपस्थित थे।

## दुष्कर्म सिद्ध, युवक को आजीवन कारावास और अर्थदंड से दंडित

गरियाबंद। न्यायालय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रेक विशेष न्यायालय (पाक्सो एवं बलात्कार मामले) गरियाबंद पीठासीन न्यायाधीश यशवंत वासनीकर द्वारा 22 दिसंबर को बलात्कार के आरोपी जीवराखन उर्फ छोटू उम्र 22 वर्ष साकिन सढौली को धारा 6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5,000 रुपये का अर्थदण्ड तथा धारा 363 के तहत 2 वर्ष का सश्रम कारावास 1 हजार अर्थदण्ड एवं धारा 366 के तहत 5 वर्ष का सश्रम कारावास से दण्डित किया गया है। न्यायालय से मिली जानकारी के मुताबिक पीड़िता के पिता के द्वारा दिनांक 22 मार्च 2020 को थाना गरियाबंद में उपस्थित होकर सूचना दिया था कि उसकी पुत्री 14 वर्ष सात माह 20 दिन को आरोपी जीवराखन उर्फ छोटू कश्यप के द्वारा दिनांक 20 मार्च 2020 को रात्रि करीबन 8 बजे उनके पुत्री / पीड़िता को एक काम है कहकर बहला फुसलाकर खेत में ले जाकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया था तथा पूर्व में भी होली त्योहार के समय उनकी पुत्री / पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाया है।

पुलिस द्वारा पीड़िता से पूछताछ करने पर पीडिता ने आरोपी द्वारा उनके साथ कई बार शारीरिक संबंध स्थापित करना बतायी थी। पुलिस द्वारा प्रकरण की सम्पूर्ण विवेचना पश्चात आरोपी के विरूद्ध न्यायालय में पेश किया गया था।



## हार से सबक लेकर जीत की तैयारी करनी चाहिए

गरियाबंद। स्टार युवा बॉलीबॉल क्लब ग्राम कोदोबतर जिला गरियाबंद के तत्वाधान में दिनांक 23 से 24 दिसंबर तक बॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। गांव में आयोजित दो दिवसीय डे नाइट बॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ आज दोपहर 12 बजे सरपंच उपसरपंच एवं ग्राम प्रमुख द्वारा फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया।,

- कोदोबतर में दो दिवसीय डे-नाइट वॉलीबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

किया गया प्रतियोगिता में आसपास के जिलो से आई 16 टीमों ने प्रतिभाग किया। पहले दिन मुकाबलो में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर तालियां बटौरी। पहले दिन गरियाबंद बारुका ए के बीच बेहद रोमांचक मुकाबला देखने को मिला जिसमें गरियाबंद की टीम विजेता रही। इस दौरान ग्राम प्रमुख ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल में हार-जीत होती रहती है। हार से सबक लेकर जीत की तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज युवा खेल में भी अपना कैरियर बना रहे है, खेल प्रेमभावना का प्रतीक हैं। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए अपना दम दिखाया।

स्टार वालिबॉल ग्राम कोदोबतर के अध्यक्ष ने बताया कि रविवार को वॉलीबॉल प्रतियोगिता का सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खेले जायेंगे। प्रतियोगिता में जीत की प्रथम 11000 रूपये द्वितीय - 5051 रूपये, तृतीय 2500 रूपये है। इस मौके पर मुख्य अतिथि नाजमा खान जनपद सदस्य, मथुरा ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत कोदोतर ,प्रेमीन यादव उपसरपंच ग्राम पंचायत कोदोबत्तर, विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रमुख विजय ध्रुव, भगवान सिंह ठाकुर, चुरावान जांगडे, सोमलल ध्रुव, गैंदराम ध्रुव, सुमार ध्रुव, मोहित ध्रुव, प्रह्लाद सिंह, राजेश भारद्वाज, भीखम, तरुण, महेत्तर, मनीराम, रजाऊ, संतोष, अनुज सभी के सहयोग व करकमलों द्वारा प्रारंभ हुआ।

### शिवमहापुराण कथा सुनने लोगों की रही भीड़

# भोलेनाथ भक्तों के जात-पात व ऊंच-नीच को नहीं देखते : बाल योगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम





शिवमहापुराण कथा के पहला दिवस शनिवार को बाल योगी 10 साल के पंडित कृष्णा दुबे ने शिवकथा के दौरान कहा कि भोलेनाथ तो प्रेम के भूखे हैं। वे जात-पात, ऊंच -नीच, सकल-सुरत, काला-गोरा, सुंदर -कुरूप नहीं देखते। शिव जी तो प्रेम के भूखे हैं। वे अपने भक्तों का बड़ा ख्याल रखते हैं।

मीराबाई, अहिल्याबाई, मंथरा, भीलनी, मगरमच्छ, गज और असुरों को भी परम पद प्रदान किया। पंडित जी ने प्रथम दिन की कथा में भगवान भोले नाथ की महिमा का वर्णन किया। भक्ति और भक्त की कथा बतलाया। कहा कि भगवान श्रीराम, श्री कृष्ण और शिव जी तीनों एक ही हैं, जैसे आटे से बनी हुई रोटी, पुणी, पराठा, तीनों अलग दिखाई तो देते हैं, किंतु मूल तत्व एक ही हैं। गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि लोग कहते हैं कि समय नहीं मिलता, ये झूठ हैं समय की बर्बादी तो आप मोबाइल पर करते हैं। भक्ति में तीन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। श्रवण, चिंतन और मनन सब देव तो देव हैं मेरे भोले नाथ महादेव है। सब देव बैकुंठ और स्वर्ग में रहते हैं लेकिन भोले बाबा कैलाश पर्वत यानी धरती पर ही साक्षात निवास है। मृत्यु पर विजय दिलाने वाले हैं। इस पावन पुण्यभूमि वसुंधरा के बारे में कहा कि छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया। पंडित जी ने बेलपत्र की महिमा का वर्णन किया जिसको श्रध्दा और विश्वास से खाने पर असाध्य रोगों से मुक्ति पाया जा सकता हैं। काल के मुंह से जो बचाने वाले हैं वहीं तो महाकाल है। बाल योगी श्री दुबे जी ने मीराबाई की भक्ति का वर्णन भी किया। कथा किस प्रकार नियम संयम से श्रवण करना चाहिए इसे भी बताया।

#### विशाल परिसर महिलाओं-युवतियों से भरी रही

करोड़ों अपराध को माफ कर दे उसे बाबा भोलेनाथ कहते हैं। भगवान भक्त के भाव पर रिझते हैं। रिझाने वाला होना चाहिए। कथा सुनने के लिए पहला दिवस श्री राधाकृष्ण मंदिर का विशाल परिसर महिलाओं-युवतियों से खचाखच भरा हुआ था।

हर कोई बालयोगी के श्री मुख से बहुत ही तन्मयता के साथ उत्सुक होकर न केवल कथा श्रवण कर रहे थे बल्कि बाल योगी के कुशाग्र बुद्धि को देखकर आश्चर्यचकित थे। कथा श्रवण करने के लिए श्री सालासर सुन्दरकाण्ड, हनुमान चालीसा समिति के सदस्यो के अलावा यजमान के रूप में विराजमान शिवभक्त मोहन-गीता निषाद, रामचंद्र पोद्दार, रमेश साहनी, सीता राठी, साधना सौरज, लखन-मीना साहू, दीपेश-किरण काबरा, रविकांत सेठ, युवराज पांडे, देहुति साहू, मनहरण, सनत शर्मा, कुंजलाल जायसवाल, उगमचंद कोठारी, वासुदेव पांडे के अलावा बड़ी संख्या में महिलाएं व युवतियां मौजूद थी।

**पाठक सूचना**

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप

### केबिनेट मंत्री बनने पर ओपी चौधरी से समर्थकों ने मुलाकात की



**नवापारा-राजिम।** रायगढ़ के विधायक पूर्व आइएस अफसर ओ पी चौधरी के केबिनेट मंत्री बनने पर उनके कट्टर समर्थक भाजपा के युवा नेता किशोर देवांगन ने राजधानी रायपुर पहुंचकर बुके भेंट कर बधाई शुभकामना दी। श्री देवांगन ने बताया कि वे मंत्री जी को भगवान श्री राजीव लोचन,श्री कुलेश्वर नाथ महादेव महाराज के दर्शन और पूजा के लिए आमंत्रित किया है। मंत्री श्री चौधरी ने बहुत जल्द राजिम आने की बात कही है।

### राजिम भक्तिन माता की जयंती 7 जनवरी



**राजिम।** 7 जनवरी को राजिम भक्तिन माता जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। इसी तारतम्य में शनिवार को नगर साहू संघ कार्यकारिणी की बैठक साहू भवन में रखी गई थी। एक विज्ञप्ति में बताया कि धूमधाम से शोभायात्रा निकाली जाएगी। बैठक में साहू संघ के संरक्षक डॉ महेंद्र साहू, भोले साहू, अध्यक्ष भवानी शंकर साहू, चोवा साहु रामजीवन साहू लोकनाथ साहू,झाड़ू राम साहू, रामकुमार साहू, राजू साहू, वेद साहू, रमेश साहू, गजानन साहू, लीलाराम साहू, सीमा साहू ,रामबाई साहू, हरिनाथ साहू मौजूद थे।

### सुशासन दिवस पर कल विविध कार्यक्रम

**रसेला।** 25 दिसंबर को देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा,इसे लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। सुशासन दिवस के अवसर पर देशभर में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। जिसकी शुरुआत 25 दिसंबर से होगी,जो 1 सप्ताह तक चलेगा। साथ ही 25 दिसंबर को प्रदेश के किसानों को सौगात भी मिलेगी। घोषणा के मुताबिक प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों को दो साल का बकाया बोनस देगी,धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि 2014-15 और 2015-16 का बोनस किसानों को दिया जाएगा। इसके लिए सरकार की ओर से प्रदेश के किसानों के लिए 300 रुपये प्रति क्विंटल के आधार से भुगतान करने का आदेश दिया गया है। 2014-15 में 1,91,29,766 करोड़, 2015-16 के 1,80,34,131 की राशि बोनस के रूप में दी जाएगी, इसके लिए कुल 3,71,63,896 करोड़ प्रोत्साहन राशि निर्धारित की गई है। तथा सुशासन दिवस पर क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## भागवत कथा के लिए कलश यात्रा

**राजिम।** शहर के आमापारा में पंडित गजेंद्र महाराज का श्रीमद भागवत कथा पुराण पर प्रवचन कार्यक्रम शुक्रवार शाम से प्रारंभ हो गया है। कथा प्रारंभ के पहले कलश जलयात्रा बहुत ही धूमधाम के साथ निकाला गया। कलश यात्रा में नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सोनकर, सुश्री छाया राही,नपा के सभापति पुष्पा गोस्वामी, दुर्गावाहिनी के प्रीति पांडे, देवकी साहू, अनिता यादव, रोशनी देवांगन, श्यामा देवांगन ,मनीषा शर्मा, सुमन दुबे, ममता यादव, ईश्वरी शर्मा,सरिता यदु, पूर्णिमा चंद्राकर,ललिता चन्द्राकर, स्वाति चंद्राकर, किरण चंद्राकर, रंजना चंद्राकर,गरिश्मा चंद्राकर,वैशाली चन्द्राकर सहित बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश रखकर चल रही थी। प्रथम दिवस शुक्रवार को गौकर्ण पूजा हुआ। आज द्वितीय दिवस रविवार को ध्रुव चरित्र, सती मोह का कथा बताया जाएगा। कथा का समय दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक रखा गया है। यह आयोजन स्वर्गीय शेखन चंद्राकर के स्मृति में उनकी धर्मपत्नी नगर पंचायत के सभापति पूर्णिमा चंद्राकर द्वारा किया जा रहा है।



### मड़ई में पूजा कर सुख-शांति व खुशहाली की कामना की

# जिड़ार मड़ई में देवी-देवताओं की निकाली गई शोभायात्रा, दर्शन करने उमड़े क्षेत्रभर के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर से 05 किलोमीटर दूर ग्राम जिड़ार में शनिवार को मड़ाई मेला का आयोजन किया गया। इसी के साथ मैनपुर क्षेत्र के प्रथम ऐतिहासिक मड़ई और मेला का शुभारंम पंरपरागत ढंग से से शुरू हुआ। ग्राम जिड़ार में शुक्रवार रात्रि जागरण कर मड़ाई का शुभारंभ किया गया। शनिवार को दोपहर दो बजे तक पूरे भाठीगढ़ राजभर से देवी–देवताओं की डाग डोली ध्वज ग्राम जिड़ार पहुंची जहां देवी देवताओं का जोरदार बाजे गाजे के साथ फूल माला से स्वागत किया गया और क्षेत्र भर से पहुंचे झांकर ,पुजारी ,बैगा, सिराह, गुनिया ग्राम प्रमुखो द्वारा विशेष पूजा अर्चना के बाद मड़ाई बिहाई गई। देवी- देवताओं की शोभायात्र निकाली गई। देवी देवताओं ने पूरे मड़ाई का परिक्रमा लगाकर मड़ाई बिहाई रस्म पूरा किया गया। इस दौरान देवी–देवताओं के सौर्य प्रदर्शन और नृत्य को देखने हजारों की संख्या में क्षेत्रभर के लोग पहुंचे हुए थे। क्षेत्रभर के लोगों ने देवी - देवताओं की पूजा अर्चना किया और क्षेत्र में सुख- शांति, समृद्धि व खुशहाली की कामना किया। देर शाम तक देवी- देवताओं को पान सुपारी भेंट कर विदाई दी गई। देवी - देवताओं की शोभायात्रा के दौरान हजारों भक्तों ने मत्था टेक अपने परिवारों के कल्याण की कामना की।

### पारंपरिक झूला, राहचूली में भीड़

ग्राम जिड़ार में आज मैनपुर क्षेत्र के प्रथम मड़ाई मेला का शुभारंभ किया गया जिसके कारण मड़ाई मेला में मैनपुर विकासखण्ड सहित पूरे गरियाबंद जिले से भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मैनपुर से जिड़ार तक 05 किमी सड़क खचाखच भरा रहा। भारी भीड़ के कारण पहुंचने में लोगों को कफी मशक्कत का सामना करना पड़ा तो वहीं मड़ाई मेला के दौरान अनेक प्रकार के व्यवसाय दुकानों में भारी भीड़ लगी रही। जिसमें लोगों ने जमकर खरीदारी की। वहीं दूसरी ओर पारंपरिक झूला रहचूली मुख्य रूप से आकर्षण का केंद्र रहा। झूला में भारी भीड़ युवाओं का देखने को मिला।

### आदिवासी कार्यक्रम रहा आकर्षण का केंद्र

जिड़ार मड़ाई में आदिवासी संस्कृति और परंपरा का एक विशेष महत्व देखने को मिला। आदिवासी युवा संगठन के युवक - युवतियों द्वारा आदिवासी नृत्य रेला- पाटा का आयोजन किया गया। जिसे देखने भारी भीड़ लगी रही। पूरे मड़ाई मेला के दौरान आदिवासी संस्कृति और परंपरा आकर्शण का केन्द्र रहा।





### विधायक जनक ध्रुव मड़ई में पहुंचकर पूजा की

ग्राम जिड़ार को मड़ाई के चलते चारों तरफ से सजाया गया है। और क्षेत्र के लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव मड़ाई मेला में शामिल होने पहुंचे तो गाजेबाजे के साथ उनका ऐतिहासिक स्वागत किया गया। इस दौरान जनक ध्रुव ने क्षेत्रभर से पहुंचे देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख शांति समृद्धि की कामना की। विधायक ध्रुव ने कहा मड़ाई मेला की बधाई देते हुए कहा मड़ाई मेला हमारी परंपरा है धान कटाई के बाद मड़ाई मेला का दौर प्रारंभ हो जाता है मड़ाई मेला से जहां गांव में भाईचारा और सद्भावना देखने को मिलता है वही अपने परिवार रिश्तेदार से लोग मिलने आते है। वहीं शांति व्यवस्था बनाए रखने पुलिस प्रशासन के जवान तैनात रहे।

### ये हुए शामिल

मड़ाई मेला में प्रमुख रूप से क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक हेमसिंह नेगी, मुक्तयाज दीवान, छबि दीवान ,प्रेमसाय जगत, नाथूराम धुर्वा, सुंदर कपिल, टिकम कपिल, जागेश्वर कपिल, आसाराम यादव, नकछेड़ा राम, जिला पंचायत सभापति श्रीमति लोके"वरी नेताम, सरपंच जिड़ार दुलेश्वरी नागेश, सरपंच जाड़ापदर हरचंद ध्रुव, प्रियंका कपिल, अमृत नागेश, पिलेश्वर सोरी, बसंत जगत, पवन दीवान, थानु पटेल ,दिलबर पटेल ,उत्तम पटेल, महेंद्र नेताम, अशोक दुबे, गंगाराम जगत, रामस्वरूप साहू, खेदु नेगी, रामस्वरूप नेताम सहित ग्राम जिड़ार व क्षेत्रभर से झाकर, पुजारी, बैगा, वरिष्ठ नागरिकगण, क्षेत्रवासी मड़ाई मेला में शामिल हुए।



### गोकुल नगर की महिलाओं ने मनाई गीता जयंती



**फिंगेश्वर।** गोकुल कालोनी फिंगेश्वर मे गीता जंयती के अवसर पर वार्ड की महिलाओं ने गीता पाठ का आयोजन कर गीता जयंती मनाया। कार्यक्रम में गीता के महत्व एवं उनके संदेशों का वाचन कर जीवन में आत्मसात करने पर बल दिया गया। इस अवसर पर वार्ड की शांति कोसरे, शीला यादव, उर्मिल साहू, मोनिका चौहान, पार्वती बांधे, निशा साहू उपस्थित थे।

### भ्रमण के लिए बच्चे रायपुर रवाना



**छुरा।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत विद्यालयीन बच्चों को समग्र शिक्षा गरियाबंद जिला के तहत विकास खंड -छुरा के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण लिए साइंस सीटी रायपुर व जंगल सफारी रायपुर का शैक्षणिक भ्रमण के लिए विकास खंड शिक्षा अधिकारी के एल मतावले, विकास खंड स्त्रोत समन्वयक महेश राम साहू ने रवाना किया। साथ ही नोडल अधिकारी के रूप में सुदामा प्रसाद लोधी व अर्जुन धनंजय सिन्हा उपस्थित रहे।

## ग्राम गंगाजमुना में डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता 26 से



**मैनपुर।** गोड़वाना कबड्डी क्लब गंगाजमुना विकासखण्ड मैनपुर द्वारा 26 दिसम्बर से 27 दिसम्बर दो दिवसीय राज्य स्तरीय डे–नाईट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता का लेकर समिति का गठन किया गया है। जिसके कप्तान विनोद नेताम, अध्यक्ष सुरेन्द्र नेताम, उपाध्यक्ष लोकेन्द्र नागेश, सचिव खेवेन्द्र नेताम, जीवन लाल, गौतम, दुरेन्द्र, नरेश, योगेश, परमेश्वर, शीतल, कार्तिक, हरपाल, भुनेश्वर, उमेश, महेन्द्र, नंदकुमार, भरत, पुने"वर, गणेश आधार, कमलकिशोर, चंद्रकिशोर, योगेन्द्र, भावेश, प्रविण, तुलसीराम, तरूण, दुर्गेश, दुर्गाप्रसाद, उपेन्द्र, देवधर, भगराम, निखिल, राजा, किशन एवं समस्त ग्रामवासियो द्वारा जोरदार तैयारी किया जा रहा है। प्रथम पुरस्कार 10 हजार रूपये, द्वितीय पुरस्कार 7 हजार रूपये, तृतीय पुरस्कार 4 हजार रूपये एवं चतुर्थ पुरस्कार 2 हजार रूपये तथा कई आकर्शक ईनाम रखे गये है।

## खुमेश ने प्रसूता महिला के लिए किया रक्तदान

**रसेला।** मलेवा वनांचल क्षेत्र रसेला से पहुंचे ग्राम कुड़ेरादादर के डिलवरी के लिए एक आदिवासी महिला अस्पतला जगत पहुंची। छुरा के निजी अस्पताल जिन्हें डिलीवरी के दौरान ब्लड की जरूरत पड़ने पर परिजन छुरा नगर के स्पर्श ब्लड सेंटर पहुंचे। लेकिन सेम ब्लड ग्रुप नहीं रहने के कारण परिजनों ने छग शाकंभरी सेवा संस्थान एवं ब्लड बैंक से सहयोग मांगी। बहुत से रक्तदाताओं को फोन करने के बाद गांव हीराबतर से कड़कती ठंड के बाद भी 10:00 बजे रात को खुमेश निर्मलकर निजी कचना धुरवा महाविद्यालय के छात्र ने पहुंचकर रक्तदान करने रात्रि कालीन सेवा देने नेक कार्य ने के लिए संस्था एवं परिजनों के परिवार द्वारा धन्यवाद किया गया।



## माहेश्वरी समाज ने गरीबों को दिए कंबल

**नवापारा-राजिम।** पूरा प्रदेश इन दिनो शीतलहर की चपेट में है। इससे अछुता नवापारा-राजिम क्षेत्र भी नही है। बल्कि इस क्षेत्र में तो कड़कड़ाती ठंड पिछले सप्ताह भर से सर चढ़कर बोल रहा है। चूंकि तीन नदियो का संगम क्षेत्र होने के कारण नवापारा और राजिम शहर तथा नदी किनारे के तटवर्ती गांव में कुछ ज्यादा ही महसुस किया जा रहा है।

रात तो रात दिन में भी लोगो को गरम कपड़ा पहनना पड़ रहा है। ठंड से जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित है। ग्रामीण क्षेत्र में लोग अलाव और अंगीठा जलाकर ठंड से मुकाबला कर रहे है। ठंड का असर खासतौर से शाम 4 बजे से लेकर पूरी रात बल्कि सुबह 10-11 बजे तक पड़ रहा है। ठंड के इस कहर को देखते हुए माहेश्वरी समाज द्वारा मजबूर गरीबो को कंबल वितरण कर रहे है। ऐसे नेक कार्यो के लिए ये समाज शुरू से ही माना जाता है। शनिवार को शहर के कुछ बेहद गरीबो और ग्राम तर्री में पहुंचकर कंबल वितरण किए है। कंबल वितरण करने के लिए स्वयं समाज के अध्यक्ष सुरेश काबरा, दीपेश काबरा, किशन सारडा, जिला महिला संगठन अध्यक्ष अनुराधा सारडा, महिला मंडल अध्यक्ष कविता दम्मानी, उमा केला, किरण काबरा, प्रियंका सारडा, हरि सारडा, सुशील सोमानी, महेश दम्मानी, राहुल केला, मनीष दम्मानी, कैलाश काबरा, सुभाष केला, अमोल मुंदड़ा, निखिल तापड़िया, सौरभ राठी पहुंचे थे।



## बिन्द्रानवागढ़ विस क्षेत्र के विकास के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 15 वर्षों बाद कांग्रेस के विधायक निर्वाचित होने के बाद शनिवार को पहली बार जब नवनिर्वाचित विधायक जनक ध्रुव ग्राम धुरवागुड़ी, गोहरापदर, देवभोग, माड़ागांव, बरही ग्राम पहुंचे तो कांग्रेस कार्यकर्ताओ और क्षेत्र के हजारो ग्रामीणों ने ऐतिहासिक स्वागत किया। गांव - गांव में जमकर आतिशबाजी किया गया। वहीं गाजे- बाजे और डीजे की धुन में नाचते थिरकते तथा जिंदाबाद के नारे लगाते आभार रैली निकाली गई। इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्र के जनता ने फुलमाला के साथ स्वागत करते हुए जनक ध्रुव को फुलमाला से लाद दिया। आभार रैली के दौरान खुली जीप में नवनिर्वाचित विधायक जनक ध्रुव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति स्मृति ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस देवभोग अध्यक्ष भुपेन्द्र मांझी, दुर्गाचरण अवस्थी, गरियाबंद जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता नीरज ठाकुर को कार्यकर्ताओं ने सवार कर रैली निकाली।

क्षेत्र के विकास के लिए सड़क से सदन तक की संघर्ष करूंगा : ध्रुव

नवनिर्वाचित विधायक जनक ध्रुव ने विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए सबसे पहले बिन्द्रानवागढ़ की जनता का आभार व्यक्त किया और कहा 2013 में चुनाव हारने के बावजूद मै लगातार बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र की जनता की सेवा के लिए सतत लगा रहा यह मेरा कर्मभूमि है और बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए सड़क से सदन तक की संघर्ष करूंगा उन्होने अपने जीत को जनता की जीत बताते हुए कहा विधानसभा चुनाव में जिस तरह कांग्रेस के एक - एक कार्यकर्ता अपनी संपूर्ण शक्ति लगाकर उन्हे विजयी दिलाई है। यह राजनीति के लिए एक इतिहास बन गई है की जहां प्यार विश्वास एकता और समर्पण होता है उस परिवार की एकता को कोई तोड़ नही सकता। उन्होने कहा बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 15 वर्षों तक लगातार भाजपा के विधायक चुनाव जितते आये है और जनता के विकास के लिए उनके द्वारा जो कार्य करना था नही किया गया। जिसके कारण क्षेत्र की जनता ने उन्हे विधानसभा का सदस्य निर्वाचित कर भेजा है। श्री ध्रुव ने कहा बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र की समस्या अब मेरी समस्या है मै हमेशा जनता के बीच में रहूंगा और इस क्षेत्र के विकास में कोई कमी नही होने देने का भी वायदा किया। श्री जनक ध्रुव ने कहा बिन्द्रानवागढ़ के विकास के लिए जरूरत पड़ी तो सरकार से छिनकर लाउंगा हमेशा की तरह क्षेत्र की जनता की हर संघर्श में मेरा साथ रहेगा और मै भरोसा दिलाता हूं आप लोगो के वि"वास में पूरा खरा उतरने का कोशिश करूंगा।





### इनकी रही उपस्थिति

जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष श्रीमति स्मृति ठाकुर ने कहा बिन्द्रानवागढ़ की जनता और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के विकास के लिए भाई जनक ध्रुव को विधायक चुने है िनि"चत रूप से जनक ध्रुव क्षेत्र की जनता के विकास के लिए हमेशा कार्य करेंगे। इस मौके पर प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री अरूण सोनवानी, युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव अमित मिरी, सुधीर अग्रवाल, राजेश तिवारी, सोदर क"यप, गोविंद रेंगे, जयसन नागेश, गौरव मिश्रा, वासुदेव बीसी, नीलकंठ बीसी, महेन्द्र सोमवंशी, केसु सिन्हा, घन"याम प्रधान, यशंवत मरकाम, सेवन पुजारी, श्रवण सतपति, पंकज मांझी, राजेश तिवारी, उमेश डोंगरे, वेणु डोंगरे, अल्तमस खान, चित्रंश ध्रुव, निहाल नेताम, सूरज शर्मा, मनोज नागेश, अरूण सोनवानी, अरूण मिश्रा, धने"वर प्रधान, शंकर नागेश, आशीश पांडे, चितरंजन, सुशील नायक, विजय मांझी, महेश नागेश, भविष्य प्रधान, मोनू अवस्थी, प्रेम यादव, भुवन बीसी, मुकेश बीसी, प्रेम बीसी, अजित नायक, अखिलेश बघेल, नवीन सेन सहित सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व क्षेत्र की जनता उपस्थित थे।

## श्यामबिहारी को मंत्री बनाने पर की गई आतिशबाजी



**अभनपुर।** अभनपुर मंडल सिन्हा समाज द्वारा छग भाजपा सरकार मे सिन्हा समाज से श्यामबिहारी जायसवाल को मंत्री मंडल मे शामिल होने पर मंडलेश्वर शांतनु सिन्हा के तत्वाधान मे बस स्टैड अभनपुर मे हर्ष व्यक्त करते आतिशबाजी कर खुशी जाहिर की गई। इस अवसर पर मंडलेश्वर श्री सिन्हा ने कहा कि यह हमारे समाज के लिए गौरवशाली पल है भारतीय जनता पार्टी ने पूरे प्रदेश मे सिन्हा समाज का गौरव बढ़ाया है इसके लिए हम सभी श्यामबिहारी जायसवाल को बधाई देते है। इस दौरान टिकेन्द्र सिन्हा, लिलेश सिन्हा, दिनेश सिन्हा,नागेश सिन्हा, संतोष सिन्हा, किशन, अशोक, महेश, मन्नु सिन्हा, भोज सिन्हा, मोहित राज, बीरेन्द्र, विमल, विजय सिन्हा, सिटी सिन्हा, प्रकाश जैन, मोन्टू सिन्हा सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### मंत्री प्रदेशवासियों की आकांक्षाओं को करेंगे पूरा : विधायक



**राजिम।** विष्णुदेव साय की सरकार में नवरत्नों के रूप में नौ कैबिनेट मंत्रियों के शपथग्रहण समारोह में राजिम विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक रोहित साहू उपस्थित हुए। शपथ ग्रहण के बाद विधायक रोहित साहू ने प्रदेश सरकार में मंत्री के रूप में शपथ लेने वाले सभी मंत्रियों बृजमोहन अग्रवाल, ओपी चौधरी, लक्ष्मी राजवाड़े, टंक राम वर्मा, दयालदास बघेल, केदार कश्यप, श्याम बिहारी जायसवाल, रामविचार नेताम व लखनलाल देवांगन से भेंट मुलाकात कर मंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में, प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में गठित यह मंत्रीमंडल प्रदेशवासियों की की आकांक्षाओं को पूरा करेगा और छग प्रदेश निरंतर उन्नति के पथ पर अग्रसर होगा।

### मंत्री बनने पर बृजमोहन से भाजयुमो ने की मुलाकात

**राजिम।** छत्तीसगढ़ के कद्दावर एवं



वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल को लगातार चौथी बार कैबिनेट मंत्री बनाए जाने से उनके समर्थकों और भाजपा कार्यकर्ताओ में खुशी की लहर है। शुक्रवार को बृजमोहन अग्रवाल मंत्री पद की शपथ ही उनके निवास में बधाई देने वाले उनके समर्थकों और भाजपा कार्यकर्ताओं का हुजूम लग गया। दिनभर हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उन्हें बधाई देने पहुंचते रहे। इस दौरान उनके खास समर्थक भाजयुमो नेता विकास साहू ने भी उन्हें कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर सौजन्य मुलाकात कर बधाई दी।

### ट्रैक्टर की ठोकर से घायल व्यक्ति की मौत

**महासमुंद।** ट्रैक्टर की ठोकर से घायल हुए 44 साल के एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। पटेवा पुलिस ने बताया कि ट्रैक्टर क्र सीजी 06 डब्लू 6454 के चालक अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर तुरेंगा रोड के पास ग्राम बावनकेरा के रहने वाले मोहम्मद शकील खान पिता जहीब खान 44 साल के बाइक को ठोकर मार दिया, जिसके चलते गंभीर चोट आने पर शकील खान को अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस बाइक के पीछे बैठे कादर खान को भी चोटें आई थी। रिपोर्ट पर आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 304 ए के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### जमीन पर पटककर पुत्र की हत्या की पिता को 10 वर्ष का सश्रम कारावास

**महासमुंद।** गुस्से में अपने ढाई माह के पुत्र को जमीन पर पटक देने से हुई मौत के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार पांडेय ने तेंदूकोना थाना क्षेत्र के ग्राम खुसरूपाली निवासी 23 वर्षीय तोषण दीवान पिता मन्नूराम को भादसं की धारा 304 (भाग 2) के तहत 10 वर्ष के सश्रम कारावास और 5 सौ रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नहीं पटाने पर तीन माह का कारावास पृथक से भुगतना होगा। अभियोजन के अनुसार अभियुक्त तोषण दीवान का विवाह सेवतीबाई दीवान के साथ हुआ था। उनसे एक पुत्र था। प्रार्थिया सेवती बाई दीवान की तबियत खराब होने पर वह अपने मायके ग्राम पंडरीपानी चली गई थी। 23 अप्रैल 2023 को अभियुक्त तोषण अपनी पत्नी सेवती बाई को लेने पंडरीपानी पहुंचा और घर चलने कहा, इस पर प्रार्थिया ने तबियत ठीक नहीं है। अभी नहीं जाउंगी कहने पर अभियुक्त ने सेवती बाई के गोद में रेख ढाई माह के बच्चे को छीनकर जमीन में पटक दिया।

# वॉलीबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का डंका, पहले मैच में बिहार को दी मात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

ओडिशा के भुनेश्वर में चल रहे 23 वा शालेय राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में पहले ही दिन छत्तीसगढ़ का डंका बजा।छत्तीसगढ़ के गरियाबंद से पहुंची अंडर 14 बालिका टीम ने पहले मैच में बिहार की सबसे मजबूत माने जाने वाली काजी परचम टीम को हराकर शानदार जीत दर्ज की है। जीत के बाद सभी खिलाड़ी उत्साहित है और अगले मैच के तैयारियों में जुट गए है।

उल्लेखनीय है कि पड़ोसी राज्य ओडिशा के भुवनेश्वर में 22 दिसंबर से 26 दिसंबर तक चार दिवसीय राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की दो टीम शामिल है। कोच संजीव साहू के नेतृत्व में यह टीम भुनेश्वर पहुंची है। छत्तीसगढ़ की वॉलीबॉल टीम में गरियाबंद की धारणा यादव एवं स्ताशा पवार का प्रदर्शन सराहनीय रहा।

छत्तीसगढ़ का अब दूसरा मुकाबला महाराष्ट्र की टीम के साथ है, जिसके लिए कोच संजीव साहू पूरे रणनीति के साथ मैदान में अपनी टीम को उतारेंगे, सभी खिलाड़ियों में जबरदस्त जोश है। वही बालक वर्ग में छत्तीसगढ की टीम चंडीगढ़ को हरा कर शानदार जीत हासिल की है। जिसमे गरियाबंद के कृतेश काश्यप एवम निखिल गड़िया का खेल शानदार रहा।

**खिलाड़ी हुए उत्साहित, अगले मैच की तैयारियों में जुट**



**खेल प्रेमियों में खुशियों का माहौल**

टीम के उत्कृष्ट प्रदर्शन से गांधी मैदान वॉलीबॉल ट्रेनिंग सेंटर गरियाबंद से जुड़े गणमान नागरिक, जनप्रतिनिधि, खिलाड़ी तथा नगर के खेल प्रेमियों में खुशियों का माहोल हैं। नगर पालिका के अध्यक्ष गफ्फू मेमन, सुरेंद्र सोनटेके, प्रहलाद ठाकुर, मनोज खरे,संदीप सरकार, विनय दासवानी, प्रकाश रोहरा,आशिफ मेमन,ऐश्वर्य यदु,मनोज कवर, अजय दासवानी ,राजेश साहू, रितिक सिन्हा, तरुण यादव, सुरेश मानिकपुरी, भावेश सिन्हा, दीप सिन्हा, होरी यादव, जीतू सेन, आकाश तिवारी, रवि यादव, मुकेश पाण्डेय, महेंद्र यादव के अलावा वॉलीबॉल कोच सूरज महाडिक ने शुभ कामनाएं देकर कोच संजीव साहू एवम छत्तीसगढ़ की वॉलीबॉल टीम का हौसला अपजाई किए हैं।

## भेंडरी स्कूल में हुआ सड़क सुरक्षा एवं बचाव जागरूकता कार्यक्रम

# बच्चों को सड़क सुरक्षा, जेब्रा क्रासिंग और यातायात नियमों के पालने की समाइश दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा योजना के तहत दिसंबर माह के चतुर्थ शनिवार को शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी संकुल केंद्र लोहरसी में बस्ताविहीन दिवस के अवसर पर सड़क सुरक्षा एवं बचाव जागरूकता कार्यक्रम का हुआ। आयोजन।संस्था के प्रधान पाठक राज्यपाल शिक्षक सम्मान से पुरस्कृत भागचंद चतुर्वेदी द्वारा सुरक्षित शनिवार के तहत यूनिसेफ के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा एवं बचाव से सम्बंधित वीडियो बच्चों को दिखाया गया। तत्पश्चात वरिष्ठ शिक्षक टीकूराम ध्रुव द्वारा सड़क सुरक्षा एवं बचाव पर देखें वीडियों के आधार पर बच्चों के साथ चर्चा परिचर्चा कर सड़क सुरक्षा एवं बचाव प्रमुख उद्देश्यों को बताया गया। हमेशा रोड को पार करने के लिए बड़े लोगों का सहारा ले, यदि बड़े लोग आसपास नहीं हो तो रोड़ पार करने से पहले अपने दाएं और बाये देखे और सुनिश्चित करे कि नजदीक में से कोई वाहन ना जा रहा हो।हमेशा जेब्रा क्रासिंग सब-वे या फुट ओवरब्रिज से ही सड़क पार करें। ट्रैफिक नियमों और संकेतों का पालन करे, सड़क के बाएं और चले एवं सभी सड़क चिन्ह का अनुपालन करे। रेलवे फाटक पार करते समय रेलवे लाइन को दोनों तरफ देखकर ध्यान से पार करें, दो पहिया वाहन में बच्चों को यात्रा कराते समय इस चीज का ख्याल रखे कि बच्चे सोए ना। बच्चों को रास्ते मे नही खेलना चाहिए किसी भी अनजान व्यक्ति को अपने घर का पता ना बताए।किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा दी गईं वस्तु को ना खाए की जानकारी विस्तार पूर्वकर बताकर बच्चों को समझाया गया।

■ बच्चों को सड़क सुरक्षा एवं बचाव प्रमुख उद्देश्यों को बताया गया






### वाहन चलाते समय हेलमेट का करें उपयोग : सरपंच

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सरपंच मोहनलाल साहू ने स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम का प्रशंसा करते हुए कहा की बच्चों आप लोग अच्छा से पढ़ाई कर उच्च पदों पर आसीन होकर अपने माँ बाप एवं गांव का नाम रोशन करो जबतक आप सभी का उम्र 18 वर्ष की न हो जाए तब तक मोटरसाइकिल ना चलाए एवं पिताजी बड़े भैया को समझाए की हेलमेट का उपयोग हमेशा वाहन चलाते समय प्रयोग करे। तिराहा, चौराहा पार करते समय ध्यान रखे ट्रैफिक सिग्नल लाइट का देखकर पार करें, वाहन धीरे चलाये दुर्घटना से देर भली। प्रेरित किया और कहा कि विद्या व्यक्ति द्वारा कमाया हुआ वह धन है जिसका कभी बटवारा नहीं हो सकता। शासन के योजनाओं का भरपुर लाभ लो अच्छा से पढ़ाई करो यही मेरी शुभकामना है। साथ ही सुपर शनिवार के तहत जवाहर नवोदय विद्यालय 2024-25 के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी में संचालित संकुल स्तरीय कोचिंग सेंटर में आज भेंडरी से उपस्थित 14 एवं पंडरीतराई 02 कुल 16बच्चों का मॉक टेस्ट लिया गया। जिसमें दिव्या साहू ने प्रथम, हर्षिता साहू ने द्वितीय एवं लक्ष्मी साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया शेष बच्चों स्तर औसत रहा।

### संकुल समन्वयक ने प्रश्न पूछकर मॉक टेस्ट में ली जानकारी

जिला कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देश एवं जिला शिक्षाधिकारी रमेश निषाद, डीएमसी के एस नायक, जिला नोडल अधिकारी, मनोज केला, बीईओ रामेन्द्र जोशी, बीआरसी टिकेन्द्र यदु के आदेशानुसार संकुल केन्द्र लोहरसी के सभी प्राथमिक शालाओं मे सोमवार से शुक्रवार तक नवोदय विद्यालय परीक्षा के लिए कोचिंग सेंटर की शुरुवात किया गया। तथा सुपर शनिवार के तहतदिसम्बर माह के चौथे शनिवार को संकुल केन्द्र लोहरसी में संचालित कोचिंग सेंटर प्राथमिक शाला भेंडरी का अवलोकन करने संकुल समन्वयक ढुलेश्वर सिन्हा पहुंचे एवं बच्चों से विभिन्न प्रश्न पूछकर मॉक टेस्ट की जानकारी ली। शनिवार को कोचिंग केंद्र में मॉक टेस्ट के पूर्व माध्यमिक शाला नवीन लोहरसी गणित विषय के शिक्षक तातू राम साहू द्वारा साधारण ब्याज, ऐकिक नियम, औसत, अनुपात समानुपात, भिन्न,लघुत्तम समापवर्तक सहित विभिन्न गणितीय संक्रिया, मानसिक योग्यता, आकृति पहचान, अपठित गद्यांश, आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी देकर बच्चों को समझाया गया। शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी में संचालित कोचिंग केंद्र में संकुल संकुल समन्वयक ढुलेश्वर सिन्हा, भागचंद चतुर्वेदी, रेखराम निषाद, टीकूराम ध्रुव, लालजी सिन्हा, प्रदीप कुमार साहू, परमानन्द ध्रुव कोचिंग क्लास में उपस्थित रहे।

# विधायक ने चटनी व भाजी के साथ किया भोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान छुरा विकासखंड के अमलोर व ग्राम जामली पहुंचे। इस दौरान ग्राम पंचायत जामली के सरपंच श्रीमती लता बहुर दीवान के आग्रह पर राजिम विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक रोहित साहू उनके निज निवास पर अपने कार्यकताओं व स्टॉफ के साथ पहुंचे और चटनी व भाजी के साथ देसी अंदाज में भोजन कर किसान के बेटे होने का परिचय दिया। विधायक रोहित साहू ने कहा कि मैं एक किसान के घर में पैदा हुआ हूं और किसान के घर में सामान्य रूप से जो भोजन बनता है वही ग्रहण करता हूं। मुझे आप सब नेता नहीं बल्कि अपना बेटा मानकर चलें, आप सबके सुख दुख में मैं हमेशा खड़ा रहूंगा।

# विधायक रोहित सिन्हा समाज के कार्यक्रम में होंगे शामिल



**छुरा।** कलार (सिन्हा) समाज छुरा परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले समाज के पदाधिकारियों ने विधायक निवास राजिम पहुंचकर विधायक रोहित साहू से सौजन्य मुलाकात किये। इस मौके पर समाज के पदाधिकारियों ने गुलदस्ता एवं हार पहनाकर विधायक रोहित साहू का अभिवादन किये। साथ ही आने वाले 31 दिसम्बर को कलार समाज द्वारा हो रहे सहस्त्र बाहु जयंती में अतिथि के रूप पधारने निवेदन किये। विधायक रोहित साहू ने अतिथि के रूप में शामिल होने सहमति प्रदान किये। इस मौके पर कलार (सिन्हा) समाज के पदाधिकारी मण्डलेश्वर शिवलाल सिन्हा, कोषाध्यक्ष हरिराम सिन्हा, सचिव हेमंत सिन्हा, युवा मंच अध्यक्ष गुलशन सिन्हा, जिला कार्यकारिणी सदस्य युवा मंच कुलेश्वर सिन्हा, मोहेंद्र सिन्हा, मानसिंग सिन्हा, ग्राम प्रमुख रूपसिंह सिन्हा, प्रकाश सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

# स्वयंसेवक संघ ने निकाली अक्षत कलश यात्रा



**छुईहा बेलर।** राम मंदिर स्थापना को लेकर घर-घर पूजित अक्षत वितरण कर प्राण प्रतिष्ठा में हर घर की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए स्वयं सेवक संघ की तरफ से गुरूवार को ग्राम देवगांव में अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। ग्राम के देव स्थल से प्रारंभ होकर मुख्य गली वार्ड से होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचे। लोग बड़ी श्रद्धा से सिर में कलश धारण कर भ्रमण किया। जिसकी जगह जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। तदोपरांत स्वंय सेवकों ने तदोपरांत श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। एवं श्री राम स्तुति की। भक्तों ने आरती उतार कर अक्षत कलश का पूजा अर्चना कीया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पूरे क्षेत्र के लोग गाजे बाजे एवं आतिशबाजी के साथ कलश यात्रा को लेकर गांव में भ्रमण में उपस्थित रहे। आकर कलश की पूजा अर्चना करने का सभी को खुला न्यौता दिया गया था। इस अवसर पर ओमप्रकाश साहू सरपंच, देवसरण साहू, ग्रामीण अध्यक्ष रामगोपाल साहू, बेनू साहू, संतु साहू, सुरेश साहू, कमलेश साहू, रूपेश साहू, मालेसु साहू, रवि साहू, पुरषोत्तम साहू गंगादीन साहू, टिकेश साहू, सियाराम साहू शामिल थे।

# विवेकानंद युवा संगठन के अध्यक्ष राजेन्द्र यादव ने रोहित से मुलाकात की



**फिंगेश्वर।** जोगीडीपा के स्वामी विवेकानंद युवा संगठन अध्यक्ष राजेन्द्र यादव ने राजिम विधायक रोहित साहू से मुलाकात कर उन्हे विधायक बनने की बधाई देते हुए विधान सभा मे विकास की बागडोर सम्हालने की उम्मीद जताई। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू भी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि जब से रोहित साहू विधायक बने हैं सबसे अधिक युवा वर्ग मे उत्साह का आलम है और सभी उनसे मिलने निरंतर उनके निवास पहुंच रहे हैं।

# संकुल प्राचार्य ने किया प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द का निरीक्षण

**गरियाबंद।** संकुल प्राचार्य नारायण सिंह निषाद ने शुक्रवार को प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द का निरीक्षण किया। संस्था में प्रधान पाठक के साथ दो सहायक शिक्षक पदस्थ हैं जिसमें प्रधान पाठक जगन्नाथ ध्रुव एवं सहायक शिक्षक खोमन सिन्हा उपस्थित मिले। घनश्याम कंवर आकस्मिक अवकाश पर रहा, शाला की कुल दर्ज संख्या 59 है जिसमें 57 बच्चे उपस्थित मिले। वहीं शिक्षकों द्वारा दैनंदनी संधारित किया जा रहा है। शाला में बच्चों का शैक्षणिक स्तर संतोषजनक है मध्यान्ह भोजन में दाल बंद गोभी पापड़ परोसा गया। सभी बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बन चुका है। कक्षा पांचवी के बच्चों को एक घंटा अलग से नवोदय की तैयारी करवाया जा रहा है।






# प्रवीण साहू जिला सचिव संघ के अध्यक्ष मनोनीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

प्रदेश पंचायत सचिव संगठन छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिला इकाई गरियाबन्द पंचायत सचिव संगठन पदाधिकारियों का पुर्नगठन 22 दिसंबर को गरियाबंद में किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी छबीराम साहु जिला अध्यक्ष धमतरी, रवि साहू, सहायक निर्वाचन अधिकारी चम्पेश्वर यादव द्वारा विधिवत चुनाव हुआ। जिला ग्राम पंचायत सचिव संघ ने सर्वसम्मति से चुनाव सम्पन्न कराने प्रस्ताव रखा गया। और ग्राम बेलर निवासी प्रवीण साहू को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किये गये। इस तरह साहू तीसरी बार जिला ग्राम पंचायत सचिव संघ बनाये गये। उक्त निर्वाचन कार्यक्रम में जिला गरियाबन्द अंतर्गत जनपद पंचायत फ़िन्गेश्वर, मैनपुर, छुरा, देवभोग एवं गरियाबन्द से नव निर्वाचित ब्लाक अध्यक्ष उपस्थित थे। इस मौके पर सुकान्त बेहरा ब्लाक अध्यक्ष देवभोग, गीरिश साहू ब्लाक सचिव, गोविंद साहू ब्लाक अध्यक्ष फ़िन्गेश्वर, झम्मन पटेल ब्लाक सचिव, प्रेमलाल ध्रुव अध्यक्ष मैनपुर, भुवेन्द्र, चेतन सोनकर ब्लाक अध्यक्ष छुरा, सुरेश साहू सचिव, अनुज ठाकुर ब्लाक अध्यक्ष गरियाबन्द, सन्तराम सिन्हा ब्लाक सचिव, कृष्ण कुमार साहू, दौलत सोनवानी, दिलिप खरे, रसुल खान हेमकुमार पटेल, डेचन्द ध्रुव, गीताराम मरकाम, कबीर यादव अनिल साहू, विष्णु साहू ,डेरहाराम कुर्रे, नागवन्शी दीवान, भीसम कोसले, यशवन्त साहू, हुकमत साहू, खेमन साहू, चेमन साहू, भैयाराम साहू, अजय ध्रुव, सुरेन्द्र साहू, युवराज साहू, यदुवन्त तारक, खामसिन मरकाम, महेन्द्र ठाकुर, गीरिश साहू, ठाकुरराम ध्रुव, टोकेश्वर गजेन्द्र, तुलसराम ध्रुव, संतोष यादव, डॉ. कन्हैयालाल ध्रुव, मीडिया प्रभारी कंचन कुमार नायक उपस्थित थे।









विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## नवनिर्मित उचित मूल्य की दुकान सह गोदाम का किया लोकार्पण

# केंद्र सरकार की योजनाओं से ग्रामीण हो रहे लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वकांक्षी कार्यक्रम विकसित भारत संकल्प यात्रा गरियाबंद जिले के छुरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत परसदाखुर्द में शनिवार छटवां दिवस हुआ। इस दौरान पुर्व सांसद चंदूलाल साहू ने कहा कि भारत सरकार द्वारा 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' पूरे प्रदेश में चलाई जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशभर में चलाई गई इस विकसित भारत संकल्प यात्रा में रथ गाड़ी के माध्यम से गांव-गांव जाकर लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं को लेकर जागरूक किया जा रहा है। नरेंद्र मोदी की सरकार ने जो भी गारंटी दी उसे जमीनी स्तर पर उतारा है और पीएम मोदी द्वारा शुरू की गईं योजनाओं को उन्होंने गांव के हर व्यक्ति तक पहुंचाया है। इस विकसित भारत संकल्प यात्रा में उपस्थित मुख्य अतिथि रोहित साहू नवनिर्वाचित विधायक राजिम विधानसभा क्षेत्र, अध्यक्षता चंदुलाल साहू पुर्व सांसद महासमुंद लोकसभा क्षेत्र, विष्णु राम नागश सरपंच ग्राम पंचायत परसदाखुर्द, राजेश साहू जिलाध्यक्ष भाजपा जिला गरियाबंद, तोकेश्वरी मांझा अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा, खोमन चन्द्राकर नगर पंचायत अध्यक्ष छुरा, भागवत हरित चन्द्रशेखर साहू जिला पंचायत सदस्य, आदि अतिथि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों का स्वागत भव्य बाजे -गाजे व राऊत नाचा के साथ किया गया। संकल्प भारत यात्रा के दौरान नवनिर्मित भवन उचित मूल्य की दुकान सह गोदाम का लोकार्पण कर विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हूए और विधायक रोहित साहू सहित सभी तेता कार्यकर्ताओं ने लगे सभी विभागों के स्टाल का निरिक्षण कर मंचासिन हुआ। जहां अतिथियों का स्वागत फूलमाला, गज माला व पीला चावल गुलाल से किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मनीष हरित, भाजयुमों जिला उपाध्यक्ष राजू साहू, सोमन यदू, पंकज निर्मलकर, रमन नामदेव गुलशन सिन्हा, प्रकाश सिन्हा, सुरेश निर्मल कर, नरेश दीवान आदि समस्त भाजपा कार्यकर्ताओ सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।



### सरकार की योजनाओं को जनजन तक पहुंचाएं : विधायक

वहीं मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू ने सभी अधिकारियों को आदेश किया कि यह भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और किसी भी कोई प्रकार की समस्याएं आयेगी उसको तुरंत निराकरण होना चाहिए। चाहे पी एम आवास हो, उज्जवला योजना, आयुष्मान कार्ड सभी भारतीय जनता पार्टी की योजना जनजन तक तत्काल पहुंचना चाहिए। विधायक रोहित साहू ने को ग्रामीणों ने कई आवेदन दिए जिसका निराकरण तुरंत करने का आदेश विभागीय अधिकारियों को किया गया साथ ही ग्राम के सभी लोगों को आभार व्यक्त करते हुए बधाई दी गई। वहीं विधायक ने सर्व समाज के लिए भवन निर्माण व टिन शेड़ लगवाने की घोषणा की। इस विकसित भारत संकल्प यात्रा में हजारों कि संख्या में ग्रामीणजनो की उपस्थिति रही। साथ ही स्कूली बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें कर्मा, पंथी नृत्य, सुवा, राऊत नाचा, देशभक्ति आदि गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। जहां सभी लोगों ने तालियों से स्वागत किया गया। इस दौरान अशोक कुमार यादव उपसरपंच, पंचगण भारत सिंह ठाकुर, श्रीमती सुशीला टाण्डे, श्रीमती हेमलता ठाकुर श्रीमती पीला बाई नेताम, श्रीमती महेश्वरी यादव, किशन पटेल, नरोत्तम चक्रधारी, श्रीमती जमुना नागेश,कन्हैया लाल ठाकुर, श्रीमती सत्यभामा नागेश, प्रेमलाल नागेश श्रीमती रेखा नागेश, श्रीमती रैबारी नागेश मोहन नेताम, हेमलाल पटेल, सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# फिंगेश्वर में राष्ट्रीय गणित दिवस व बाल मेला मनाया



**फिंगेश्वर।** राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय फिंगेश्वर में बच्चों के द्वारा गणितीय मॉडल गणितीय रंगोली एवं बाल मेले का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने व्यंजन भी गणितीय संरचनाओं के पर आधारित बनाया था।

कार्यक्रम की शुरुआत बाल मेले के पंडाल में फीता काटकर एवं श्रीनिवासन रामानुजन के छायाचित्र के पूजन अर्चन के साथ हुआ। इस कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष पुष्पा जगन्नाथ साहू, योगेश साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, कमलेश यदु, हरिशंकर श्रीवास्तव, मंजू लता हरित, सुनीता श्रीवास, नरेश लहरे, प्रभा जैन, डॉक्टर चंद्रशेखर हरित, कुंजल साहू,यदुनंदन श्रीवास सहित कई पालक एवं जनप्रतिनिधीगण उपस्थित होकर बच्चों के द्वारा निर्मित गणितीय मॉडल रंगोली और विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों का लुफ्त उठाया और कार्यक्रम की प्रशंसा की। बाल मेले में विद्यालय के प्राथमिक माध्यमिक एवं हायर सेकेंडरी के बच्चों ने काफी उत्साह के साथ दुकानदारी कर रोजगार करने का गुर सीखा।कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र जोशी विकासखंड स्त्रोत समन्वयक टिकेंद्र यदु भी उपस्थित थे। इस शानदार आयोजन के लिए प्राचार्य मुकेश निर्मलकर ने अपने स्टॉफ के सभी सदस्यों एवं बच्चो को उनके प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

# आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में दो दिवसीय खेलकूद स्पर्धा हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद का शुभारंभ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में खोमन चंद्राकर अध्यक्ष नगर पंचायत छुरा, एवम रिंकू सचदेव उपाध्यक्ष नगर पंचायत छुरा, विशिष्ट अतिथि के रूप में मोहम्मद स्माइल खान, अध्यक्ष पालक शिक्षक समिति सेजेस छुरा, एवं सलीम मेमन सदस्य पालक शिक्षक समिति छुरा अशोक जैन सदस्य पालक शिक्षक समिति छुरा, शीतल धुव्र समाज सेवी एवं पालक शिक्षक समिति के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि के द्वारा पूजा अर्चना कर खेल का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात पधारे हुए अतिथियों का तिलक और बैच लगा कर पुष्प गुच्छ के साथ स्वागत किया गया। उसके उपरांत चारों हाउस के बच्चों द्वारा मार्च पास्ट किया गया, फिर मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों को संबोधित करते हुए खेल से संबंधित शपथ दिलाई गई। तथा मुख्य अतिथि द्वारा रिबन काट कर राष्ट्रगान के साथ खेल प्रारंभ कराया गया।

उक्त खेल चार हाउसों (महानदी, अरपा, इंद्रावती और शिवनाथ) के मध्य खेली जा रही है जिसमे 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर रिले रेस, खो–खो, कबड्डी, वॉलीबॉल और बैडमिंटन को सम्मिलित किया गया।

पहले दिन सभी हाउस के मध्य उक्त सारे खेल संपन्न कराए गए तथा दूसरे दिन शनिवार को सभी खेलों के फाइनल मुकाबले होंगे। उक्त खेल को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को हाउस में बांटा गया और प्रत्येक हाउस के लिए कोच बनाए गए साथ ही विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं को रेफरी, लाइन मैन, स्कोरर के रूप में कार्य करने हेतु कार्यभार बांटा गया है।







